अमर उजाला 22/•2/2026

विद्यार्थियों के रिपोर्ट कार्ड का किया आकलन

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं मैनेजमेंट विभाग की ओर से आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, कक्षा में उपस्थिति और उनके सर्वांगीण व्यवहार की समीक्षा की गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि जब शिक्षक और अभिभावक एक मंच पर आकर छात्र का मार्गदर्शन करते हैं, तो उनके आत्मविश्वास और परीक्षा परिणामों में उल्लेखनीय सुधार होता है। उन्होंने कहा कि संस्थान के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर नए प्रयोग कर रहा है। संवाद